रुद्रपुर में उत्तराखंड के सबसे ऊँचे राष्ट्रध्वज का लोकार्पण

drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-highest-national-flag-in-rudrapur

चर्चा में क्यों?

2 अक्टूबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने **रुद्रपुर के गांधी पार्क में उत्तराखंड के सबसे ऊँचे राष्ट्रध्वज का लोकार्पण** किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हनुमान चालीसा के उच्चारण के साथ बटन दबाकर 181 फीट ऊँचे तिरंगे को फहराया। इसके लिये विधायक निधि से 28 लाख रुपए खर्च किये गए।
- इस तिरंगे झंडे को ग्रामीण **निर्माण विभाग की ओर से स्टार सेल्स कंपनी ने 47 दिनों में** बनवाया है। इसके लिये कोलकाता से मटैरियल मँगवाया गया।
- इस तिरंगे **झंडे का स्तंभ 51 मीटर ऊँचा** है। **झंडे की लंबाई और चौड़ाई 36×54 फीट** है। इसके निर्माण में 100 प्रतिशत पॉलिस्टर कपड़े का प्रयोग किया गया है।